Regarding establishment of Kendriya Vidyalaya

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** सभापति महोदया, मेरे झुंझुनू लोक सभा क्षेत्र में फतेहपुर नाम का एक कस्बा है, जो सीकर के बाद सबसे बड़ा शहर है । मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि वहां पर एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए फतेहपुर में कृषि विज्ञान केन्द्र है । वहां पर एक एग्रीकल्चर कॉलेज है । वहां पर भेड़ ऊन फार्म है । वहां पर जितने भी केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी काम करते हैं, वे तो हैं ही, उनके अलावा वहां पर उस क्षेत्र के किसानों के बच्चे हैं, अल्पसंख्यकों के बच्चे हैं, एससी/एसटी के बच्चे हैं । ऐसा होना चाहिए कि वे भी केन्द्रीय विद्यालय में शिक्षा ले सकें और वर्तमान में जो केन्द्रीय विद्यालय हैं, उनकी दूरी वहां से बहुत अधिक है । सिर्फ सीकर में एक केन्द्रीय विद्यालय है ।

सभापति महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से और शिक्षा मंत्री जी से आग्रह है कि फतेहपुर, जो कि एक विधान सभा मुख्यालय है, वह सीकर जिले का शहर है और झुंझुनू लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है, उसमें एक केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए, जिससे वहां के सभी जरूरतमंद छात्र वहां पर शिक्षा ग्रहण कर सकें ।